आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

• वर्ष- 15 अंक-280 • कटनी • मंगलवार, 16 नवम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 •कार्तिक शुक्ल पक्ष -12 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## शिवराज केबिनेट की बैठक में कई निर्णय

**भोपाल।** राजधानी में कैबिने की बैठक शुरू हो गई है, कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। मध्य प्रदेश विमानन कंपनियों को राहत देने की तैयारी की जा रही है। भोपाल-इंदौर में विमान ईंधन पर वैट 25 से घटाकर 4 प्रतिशलत करने का प्रस्ताव रखा गया। कैबिनेट मीटिंग से पहले मंत्रियों ने जनजातीय सम्मेलन के सफल आयोजन की बधाई मुख्यमंत्री को दी , वही जवाब में शिवराज ने भी मंत्रिमंडल सदस्यों के साथ पूरे प्रशासनिक अमले की प्रशंसा की, खासकर उन कलेक्टरों की भी, जिन्होंने रात-दिन जागकर आदिवासी बंधुओं के रहने, खाने से लेकर भोपाल भेजने और फिर घर पहुंचाने तक की व्यवस्थाएं संभाली।

# पद्म पुरस्कार की तरह मध्यप्रदेश में जनजातीय कलाकारों को मिलेगा विशेष पुरस्कार



**भोपाल।** भोपाल। जनजातीय गौरव दिवस पर पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति देने भोपाल पहुंचे कलाकारों की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भेंट की। सीएम शिवराज ने जनजातीय कलाकार पद्मश्री भूरी बाई और पद्मश्री भज्जू श्याम का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप सभी की प्रस्तुति से अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अभिभूत हो गए। वे अद्भुत व्यक्ति हैं। मोदी कला के पारखी हैं। उन्होंने ढूंढ—ढूंढ कर कलाकारों को सम्मानित किया। ये कला का सम्मान है। मध्य प्रदेश का पुरस्कार स्थापित किया जाएगा, जो श्रेष्ठ कलाकारों को हर साल दिया जाएगा, क्योंकि इन कलाकारों की कद्र करना बहुत जरूरी है। एक नवंबर मध्य प्रदेश दिवस के दिन हम उन्हें सम्मानित करें। हमारे सभी कलाकार, भांजे-भांजियों को प्रत्येक को 5-5 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पद्मश्री की तरह मध्यप्रदेश का राजा संग्राम शाह पुरुस्कार स्थापित किया जाएगा जो जनजातीय समुदाय के नृत्य, संगीत एवं अन्य कलाओ में उत्कृष्ट करने वाले कलाकार को 1 नवंबर स्थापना दिवस के दिन देंगे। यह पुरस्कार सिर्फ जनजातीय समुदाय के कलाकारों के लिए रहेगा। सीएम शिवराज ने कहा कि आज आप सभी का स्वागत करके मैं बहुत खुश हूं। इतने अच्छे कलाकार मध्य प्रदेश के हर कोने से जनजाति के हर वर्ग से आए हैं। ये मामा से मिले बिना चले जाएं तो ये कैसे हो सकता है। आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं।

### छोटे प्रकरण जो गंभीर अपराधों से जुड़े हुए नहीं हैं, वापस लिए जाएंगे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया है कि जनजाति समुदाय के खिलाफ दर्ज किए गए छोटे प्रकरण जो गंभीर अपराधों से जुड़े हुए नहीं हैं, वापस लिए जाएंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान भोपाल में जनजातीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# खतरनाक होगा भारत का तेजस



**नई दिल्ली।** भारत का स्वदेशी फाइटर जेट लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट तेजस अब और भी ज्यादा मारक होने जा रहा है। अब यह एयरक्राफ्ट युद्ध जैसे हालातों में पलक झपकते ही 70 किलोमीटर दूर बैठे दुश्मन के बंकरों को नेस्तनाबूत कर देगा। दरअसल, भारतीय वायु सेना तेजस की मारक क्षमता को बढ़ाने जा रही है, इसके लिए फ्रांस से है हैमर मिसाइल का ऑर्डर दिया गया है, जो तेजस में तैनात होंगी।

### चीन-पाक को दो टूक संकेत

भारतीय वायु सेना तेजस की क्षमताओं में उस समय वृद्धि कर रही है, जब चीन और पाकिस्तान से भारत का गतिरोध बढ़ गया है। चीन एलएसी पर हर रोज हिंसक स्थितियां उत्पन्न कर रहा है। ऐसे में भारतीय वायु सेना तेजस की क्षमताओं में वृद्धि करते हुए पाकिस्तान और चीन को दो टूक जवाब देना चाहती है।

### हवा से जमीन पर हमला करने की भी बढ़ेगी क्षमता

फ्रांस की हैमर मिसाइल हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम है। यह मिसाइल 70 किमी दूर दुश्मन के कठोर से कठोर लक्ष्य को भेद सकती है। भारत को हैमर मिसाइल की पहली खेप तब मिली थी जब राफेल विमान भारत आया था। अब भारत और हैमर मिसाइलों को मंगाकर इसे तेजस में तैनात करेगा, इससे भारतीय वायु सेना की हवा से जमीन पर मार करने की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी।

### चीन-पाक के विमान से तेजस होगा और खतरनाक

भारत के तेजस लड़ाकू विमान को पहले से ही चीन और पाकिस्तान के जेएफ-17 विमान से अधिक सक्षम और उन्नत माना जाता है। ऐसे में हैमर मिसाइल जैसे नए अपडेट से यह विमान परिचालन और मारक क्षमताओं में जेएफ-17 को कहीं पीछे छोड़ देगा।

## फटाफट खबरें



### भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में शामिल नहीं होंगे केन

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज में केन विलियमसन न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उनकी जगह टिम साउदी को कप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 17 नवंबर से शुरू होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया है कि विलियमसन टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे और टी-20 मैचों में भाग नहीं लेंगे। भारत दौरे में कीवी टीम को तीन टी-20 के बाद दो टेस्ट मैच भी खेलने हैं। विलियमसन का ध्यान टेस्ट मैचों पर ज्यादा है इसलिए वो सीरीज में भाग नहीं ले रहे हैं।

### आगरा में युवती की मौत पर बवाल भाजयुमो नेता की मुश्किल बढ़ीं

**आगरा।** यहां थाना शाहगंज क्षेत्र के चिल्लीपाड़ा मोहल्ले में युवती की मौत के बाद बवाल हुआ था। पुलिस के सामने पथराव किया गया था। फायरिंग भी की गई थी। पुलिस की ओर से दर्ज कराए गए इस केस में विवेचना शुरू हो गई है। ऐसे में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। थाना पुलिस की रिपोर्ट में पदाधिकारियों के पहुंचने के बाद ही बवाल की बात कही गई है। मुकदमे में उनके नाम खोले जा सकते हैं। 12 नवंबर को चिल्लीपाड़ा निवासी वर्षा रघुवंशी घर में ही मृत मिली थी। उसने चिल्लीपाड़ा निवासी फईम से कोर्ट मैरिज की थी। वह पति के साथ रह रही थी।

### 600 करोड़ की हेरोइन पकड़ी, 3 गिरफ्तार

**अहमदाबाद,।**गुजरात आतंकवादी रोधी दस्ते (एटीएस) ने राज्य के मोरबी जिले में 120 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 600 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मादक पदार्थ की खेप, आरोपियों को उनके पाकिस्तानी समकक्षों ने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास अरब सागर में पहुंचाई थी ।

# मणीशंकर अय्यर की नजर में बाबर और हुमायूं देशभक्त !



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के बड़े नेताओं के विवादित बयान जारी है। सलमान खुर्शीद की विवादित किताब, विमोचन के मौके पर पी. चिंदबरम और दिग्विजय सिंह के बयान, राशिद अल्वी का श्रीराम कहने वालों को राक्षस करने के बाद अब मणि शंकर अय्यर ने ऐसी बात कही दी है, जिस पर बवाल मचना तय है। मणि शंकर अय्यर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुगलों का खुलकर पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि मुगलों ने इस देश को अपना बनाया और यह कहना गलत है कि उन्होंने जबरन धर्मांतरण करवाया। अय्यर की नजर में बाबर और हुमायूं देशभक्त थे। मणि शंकर अय्यरने इस दौरान भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होने कहा, आज सत्ता में बैठे लोग हिंदू धर्म को मानने वाली आबादी का केवल 80 फीसदी हिस्सा ही असली भारतीय मानते हैं और बाकी लोग गैर-भारतीय हैं। बकौल अय्यर, हाल ही में राहुल गांधी ने कहा था कि हिंदू धर्म और हिंदुत्व में अंतर है। मैं यह जोड़ना चाहता हूं कि अंतर यह है कि हिंदू धर्म को मानने वाले सभी भारतीय हैं। इस देश में हम सभी भारतीय हैं। हमारे बीच बहुत कम लोग हैं, जो आज सत्ता में हैं, वे कहते हैं कि हमारे देश में जो लोग हिंदू धर्म का पालन करते हैं, उनमें से 80 प्रतिशत असली भारतीय हैं, बाकी गैर-भारतीय हैं। वे मेहमान के रूप में रह रहे हैं, वे जब चाहें उन्हें बाहर निकाल देंगे।

## पहली बार किसी प्रधानमंत्री की ऐसी यात्रा..

# विशालकाय हरक्युलिस विमान से एक्सप्रेस-वे पर उतरे पीएम मोदी




**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार दोपहर 341 किमी लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने जुलाई 2018 में इस एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था। 19 माह के कोराना काल के बाद भी 341 किमी लंबा यह एक्सप्रेस-वे 36 माह में बनकर तैयार हुआ है। यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश की राजधानी लखनऊ से पूर्वी उप्र को जोड़ेगा। इससे पूर्वी यूपी के 9 जिलों के साथ ही बिहार के लोगों को भी फायदा होगा। इस एक्सप्रेसवे पर बनाई गई हवाई पट्टी पर भारतीय वायुसेना के मालवाहक विमान सी-130जे हरक्युलिस से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उतरे। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के अफसरों ने पीएम का स्वागत किया। यह एक्सप्रेस वे 341 किलोमीटर लंबा है। इस पर साढ़े तीन किलोमीटर की एयर स्ट्रिप बनाई गई है जिस पर आपात स्थिति में सेना के जहाज उतर सकते हैं। यह एयर स्ट्रिप सीमेंट से बनाई गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक्सप्रेस-वे यूपी में भारत का ग्रोथ इंजन बनने का प्रमाण है। एक्सप्रेस-वे इसका भी प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे कार्य करती है। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौ जिलों के साथ ही बिहार के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## सुशांत सिंह के पांच रिश्तेदारों की सड़क हादसे में मौत

**पटना ।** बिहार के जुमई में सुबह-सुबह हुए एक बड़े सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वाले छह लोगों में से पांच लोग दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के रिश्तेदार थे। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग पटना से एक दाह संस्कार में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रक और कार में भिडंत हो गई ओर छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, सुशांत के जिन पांच रिश्तेदारों की सड़क हादसे में मौत हुई है, उसमें हरियाणा में एडीजीपी ओपी सिंह के बहनोई, दो भांजे व दो अन्य रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। यह हादसा सुबह छह बजे के करीब हलसी थाना क्षेत्र में हुआ।

## कैग को लेकर बदली मानसिकता, यह अपने आप में एक विरासत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली स्थित कैग हेडक्वार्टर में पहले ऑडिट दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब देश में ऑडिट को एक आशंका, एक भय के साथ देखा जाता था। 'कैग बनाम सरकार', ये हमारी व्यवस्था की सामान्य सोच बन चुकी थी, लेकिन आज इस मानसिकता में बदलाव आया है। आज ऑडिट को वैल्यू एडिशन का अहम हिस्सा माना जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि एक संस्थान के रूप में कैग अपने आप में एक विरासत है। इसकी रक्षा करना और इसे बेहतर बनाना हर पीढ़ी का कर्तव्य है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। कैग न केवल हिसाब किताब चेक करता है, बल्कि प्रोडक्टिविटी में एफिशिएंसी में वैल्यू एडिशन भी करता है।

## हार्दिक पंड्या ने खरीदीं 5 करोड़ की दो घड़ियां



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मुश्किल में फंसे गए हैं। हार्दिक पांड्या जब टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेकर भारत लौटे तो एयरपोर्ट पर तलाशी के दौरान उनके पास से 5 करोड़ रुपए कीमक ती दो घड़ियां बरामद हुईं। हार्दिक के पास इन लक्झरी घड़ियों के बिल नहीं थे। इन घड़ियों का जिक्र अपने सामान की लिस्ट में किया था। मुंबई कस्टम विभाग ने इसकी पुष्टि की है। वहीं हार्दिक ने भी सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि वे खुद मुंबई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क काउंटर पर गए और अपने द्वारा लाए गए सामानों की घोषणा की। साथ ही जरूरी सीमा शुल्क का भुगतान भी कर दिया। आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हार्दिक पंड्या ने कहा, मैं स्वेच्छा से मुंबई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क काउंटर पर मेरे द्वारा लाए गए सामानों की घोषणा करने और सीमा शुल्क का भुगतान करने के लिए गया था। सीमा शुल्क के बारे में मेरी घोषणा के बारे में सोशल मीडिया पर गलत खबरें चल रही हैं, हार्दिक पांड्या लक्झरी लाइफ जीते हैं। हार्दिक दुनिया की कुछ सबसे महंगी घड़ियों के मालिक हैं और उनके घड़ी संग्रह में पाटेक फिलिप नॉटिलस प्लेटिनम 5711 भी शामिल है जिसकी कीमत 5 करोड़ रुपये से अधिक है।

## खंडवा शहर में देर रात पथराव के बाद भारी पुलिस बल तैनात

**खंडवा।** कंजर मोहल्ले में पटाखे फोड़ने की बात पर हुए विवाद के बाद जमकर पथराव हो गया। दो पक्षों के बीच हुए इस पथराव में पुलिस बल कुछ ही देर में घटनास्थल पहुंच गया था। लेकिन पर्याप्त मात्रा में फोर्स नहीं होने की वजह से पुलिस पथराव करने वालों पर काबू नहीं कर सकी। कुछ ही देर में कंजर मोहल्ले से लगे दूसरे क्षेत्र भगत सिंह चौक पर शादी समारोह के टेंट पर पत्थरबाजी हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे जमकर पत्थर फेंके। टेंट में कुछ लोगों ने पत्थर फेंकते हुए आग लगा दी। इसके बाद टेंट के पास खड़ी दोपहिया वाहन भी आग के हवाले कर दी। इसमें एक बाइक जलकर खाक हो गई। घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने मोर्चा संभाला इसके बाद भारी पुलिस बल तैनात किया गया। यहां कबाड़ और और खस्ताहाल वाहन खड़े हुए थे जिन की आड़ लेकर पत्थरबाजों ने पुलिस पर भी जमकर पथराव किया

## चीन की चेतावनी : जो आग से खेलेंगे जल जाएंगे



**भोपाल।** ताइवान की आजादी का समर्थन कर रहे अमेरिका को चीन ने एक बार फिर धमकाया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने व्हाइट हाउस में चल रहे आभासी शिखर सम्मेलन में अमेरिका को साफ चेतावनी दी है कि ताइवान की आजादी का समर्थन करना अमेरिका के लिए आग से खेलने जैसा है, जो आग से खेलेंगे वे जल जाएंगे। ताइवान के मुद्दे पर चल रहे इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दो महाशक्तियों के बीच उत्पन्न हो रहे संघर्ष को खत्म करना था, लेकिन चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सामने अपना रुख साफ कर दिया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि- अमेरिका के कुछ लोग चीन को नियंत्रित करने के लिए ताइवान का इस्तेमाल करना चाहते हैं, लेकिन यह बहुत खतरनाक है और आग से खेलने जैसा है।

## पाकिस्तानी दहशतगर्द बिलाल का हुआ खातमा

**श्रीनगर।** घाटी में सोमवार को हैदरपोरा बाईपास पर मुठभेड़ में दो आतंकी और एक ओजीडब्ल्यू(ओवर ग्राउंड वर्कर/आतंकियों का मददगार) मारा गया है। आतंकवादियों की गोलीबारी में अल्ताफ अहमद (मकान मालिक) घायल हो गया था। जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## देवास पहुंचे सचिन तेंदुलकर



**भोपाल।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अपने एजुकेशन प्रोजेक्ट को लेकर मंगलवार दोपहर 3 बजे तक लाड़कुई पहुंचेंगे। यहां से वह नजदीकी गांव सेमरी में जाकर बच्चों से बातचीत करेंगे। फिलहाल अभी देवास में हैं। उनके आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। सचिन तेंदुलकर मंगलवार को सुबह इंदौर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वह सलकपुर में विजयासन माता के दर्शन भी करेंगे। इसके पहले वे देवास जिले के खातेगांव के संदलपुर में एक एनजीओ के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। सचिन तेंदुलकर का काफिला जब गांव के बीच से गुजरा तो उन्हें देखने के लिए रास्ते के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

ईगल बैटरी

डीलर-एक्साइड बैटरी

सभी गाड़ियों की बैटरी

EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE

पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग

जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

# जनजातीय गौरव दिवस सियासत में नया संकेत



**भोपाल।** सोमवार को राजधानी में जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत का अवसर देश की सियासत को नए संकेत दे गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महासम्मेलन को सामाजिक परिवर्तन की नई मुहिम से जोड़ दिया। वर्षो से उपेक्षित आदिवासी समाज को संबल, सहयोग और सम्मान देकर स्पष्ट कर दिया कि इस समाज के साथ नाइंसाफी अब नहीं चलने वाली। मोदी के एक-एक शब्द बता रहे थे कि केंद्र सरकार और भाजपा के साथ जनजातीय समाज का भविष्य का रिश्ता क्या होने वाला है। जाहिर है इसके सियासी मायने तो निकाले ही जाएंगे। वह भी तब जब आने वाले तीन साल के भीतर नौ राज्यों सहित लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। भाजपा के सामने वह विपक्ष फिलहाल चुनौती पेश करना चाहता है, जो अंदरुनी तौर पर एकजुट होने की कवायद कर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री के मंच से आदिवासी योद्धाओं को याद करना और अब तक उन्हें विस्मृत करने के आरोप कांग्रेस पर लगाना पूरे देश को सियासत के नए समीकरणों के संकेत देता है। मोदी का चिर-परिचित अंदाज है कि आरोप पर प्रत्यारोप या सफाई की गुंजाइश नहीं रखते हैं। आजादी के संग्राम में देशभर के आदिवासी समुदायों ने संघर्ष किया, लेकिन स्वतंत्रता के इतिहास में इन नायकों को महत्व नहीं मिला। आजादी के बाद कई दशकों तक कांग्रेस का शासन रहा। अब प्रधानमंत्री आदिवासियों के सम्मान पर सवाल करते हैं, तो कांग्रेस के हाथ खंडन और प्रत्यारोप दोनों से खाली हैं। निश्चित तौर पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर जनजातीय नायकों के जिक्र के बहाने शहरों से गांवों की गलियों तक उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों पर ध्यान जाएगा ही, जिन्हें कांग्रेस शासन में सम्मान के नाम पर पेंशन और कुछ सुविधाएं ही दी गई, सम्मान पार्टी के चुनिंदा चेहरों तक सीमित रहा।

## बेटी को हवस का शिकार बना कर दी हत्या

**भोपाल।** यहां ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। युवती ने भागकर शादी की तो नाराज पिता ने भाई के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं पिता ने अपनी ही बेटी को अपनी हवस का शिकार भी बनाया। युवती के छह महीने के बच्चे की मौत पहले ही हो गई थी। रातीबड़ पुलिस थाना क्षेत्र के कठौतिया के जंगल में रविवार को एक 25 वर्षीय युवती और 6 महीने की बच्चे की लाश मिली थी। उसने एक साल पहले समाज से बाहर प्रेम विवाह किया था। वह अपने पति के साथ रायपुर चली गई थी। कुछ समय पहले वह मध्यप्रदेश आई थी। दीपावली के दिन वह रातीबड़ में अपनी बड़ी बहन के घर पर थी। वहां उसके बेटे की मौत हो गई। दीपावली के अगले दिन पिता अपने बेटे के साथ युवती और उसके बच्चे को लेकर जंगल ले गया। ताकि मृत बच्चे को दफनाया जा सके। वहां जाकर पिता ने पहले तो अपनी ही 25 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इस दौरान बेटे ने भी उसकी मदद की।

# गन्ने के मंडप के नीचे हुआ तुलसी शालिग्राम विवाह

## शहर में धूमधाम से मनी देवउठनी ग्यारस, देर रात तक होती रही आतिशबाजी





**कटनी।** सोमवार को देवउठनी एकादशी अबूझ मुहूर्त के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग व हर्षण योग के साथ शहर व ग्रामीण अंचल में मंदिरों व घर-घर में धूमधाम के साथ मनाई गई। देवउठनी ग्यारस पर देवों के उठने के साथ ही समस्त मांगलिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत हो गई है। भगवान विष्णु भगवान के आषाढ़ मास की एकादशी से कार्तिक मास की एकादशी तक योग निद्रा में रहे। इस अवधि को चतुर्मास कहा जाता है। जब भगवान विष्णु नींद से जागते हैं, तो उसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसी दिन से मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। देवउठनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम के विवाह की भी विशेष परंपरा है। एकादशी को अबूझ मुहूर्त भी माना जाता है। इस दिन से विवाह, नूतन गृह प्रवेश, गृह निर्माण, विवाह, नामांकरण आदि मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। देवउठानी एकादशी पर शहर में महिलाओं ने पूरे दिन व्रत रखा। शाम को घर के आंगन में गन्नों का मंडप बनाकर भगवान विष्णु एवं तुलसी के पौधे को इसमें विराजमान कर पूजा-अर्चना की गई। पूजा वाले स्थान के साथ ही घरों के चबूतरों को साफ करके चूना और गेरू की सहायता से रंगोली बनाकर सजाया गया। पूजा स्थान पर गन्नों का मंडप सजाया गया, जिसमें भगवान विष्णु को चंदन व पुष्प अर्पित कर फल, मिठाई, सिंघाड़े का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की गई। फिर गन्नों से बने मंडप की परिक्रमा करते हुए उठो देव, बैठो देव के जयघोष के साथ भगवान को उठाने की परंपरा निभाई गई।

### तुलसी विवाह के साथ शुभ लग्न प्रारंभ

देवोत्थान एकादशी से तुलसी विवाह के साथ शुभ लग्न प्रारंभ हो गया। विवाह के लिए इस बार नवंबर माह में 18, 19, 21, 22 और 29 को शुभ मुहूर्त मिलेगा। इसके बाद चार दिसंबर को माह भर में शादी के लिए एक ही मुहूर्त बन रहा है। फिर जनवरी 2021 में शुभ तिथियों की भरमार रहेगी। 15, 16, 17, 18, 19, 27 व 28 को विवाह के लिए उत्तम फलकारी योग है। वहीं फरवरी में 8, 10, 11ए 17, 24 और 25 को सात फेरे लिया जा सकेगा। मार्च में 9, 10 व 11 को मुहूर्त है।

# रंगोली के माध्यम से दिया गौ रक्षा का संदेश

## गौ सेविका अमिता की अनुकरणीय पहल



गौ सेविका अमिता श्रीवास द्वारा पिछले 4 वर्षों से गौ माता की सेवा और बचाव को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। अलग-अलग समय पर अमिता श्रीवास और उनकी टीम द्वारा गौमाता के बचाव और संरक्षण के लिए कई अभियान भी चलाए जाते हैं। गौ सेवा के बचाव को लेकर अमिता श्रीवास ने एकादशी पर्व पर अपने निज निवास और गौ शाला पर गौ हत्या बंद करो का संदेश रंगोली के माध्यम से दिया। अमिता श्रीवास ने बताया जिस तरह लॉकडाउन के समय भी जगह-जगह से गौ-तस्करी के मामले सामने आए। इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए शासन और प्रशासन से भी गुहार लगाने की आवश्यकता है। शहर से ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश में गौ रक्षा कमांडो फोर्स इस तरह की अपील शासन.प्रशासन और मुख्यमंत्री से कर रही है।



# उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

**कटनी।** सम्पूर्ण भारतवर्ष में महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने हेतु आजादी अमृत महोत्सव अभियान 2 अक्टूबर से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलाया जा रहा है। जिसका समापन समारोह फारेस्टर प्ले ग्राउंड में जिला सत्र न्यायालय न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता, एसपी सुनील जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी दिनेश नौटिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बी डी दीक्षित के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजसेवी रेखा अंजू तिवारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों, मातृशक्तियों, बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही।

# देवउठनी एकादशी पर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाया मुक्तिधाम

## दिवंगतों की आत्मशांति के लिए दीपदान



**कटनी।** देवउठनी एकादशी पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नदीपार स्थित मुक्तिधाम में कल 15 नवम्बर सोमवार को 5100 दीपों को प्रज्जवलित कर दिवंगतों की आत्मशांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई। दीपों की रोशनी से समूचा मुक्तिधाम प्रांगण जगमगा उठा। मुक्तिधाम विकास समिति, कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन के संयुक्त तत्ववाधान में एकादशी को सायं 6 बजे से 7 बजे तक मुक्तिधाम प्रांगण में दीपदान महोत्सव का आयोजन किया गया। मुक्तिधाम विकास समिति संस्थापक हास्य व्यंग्य कवि मनोहर मनोज, अध्यक्ष अजय सरावगी, राजू अग्रवाल, गोपाल जैसवानी, अभिलाष दीक्षित, शरद सरावगी, संजय जैन, कमल खूबचंदानी, जसवीर सिंह टुटेजा, मगन जैन, शिवकुमार जालिम यादव, सुरेश ओचानी, कृष्णकांत बल्लू यादव, भवानी तिवारी, अथर्व तिवारी, दिनेश श्रीवास्तव चीनी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर दिवंगतों की आत्मशांति के लिए एक दीप प्रज्जवलित कर दिवंगतों के प्रति ईश्वर से प्रार्थना की।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में अर्से बाद गूंजी बच्चों की किलकारी

**कटनी।** आंगनबाड़ी केंद्रों में एक बार फिर बच्चों की किलकारी गूंजी। नैनीहालों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नई बस्ती जगमोहनदास वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 169 में सुपरवाइजर श्रद्धा शुक्ला, कार्यकर्ता निशा शर्मा एवं सहायिका की उपस्थिति में आइए आंगनवाड़ी कार्यक्रम आयोजित किया गया। आइए आंगनवाड़ी कार्यक्रम में बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने अभी वह आपको तक संदेश दिया गया।

# बरही में धूमधाम से मनाई सन्त नामदेव जयंती





**बरही।** नगर परिषद बरही में नामदेव समाज एकता परिषद एवं नामदेव समाज युवा वाहिनी के द्वारा नामदेव समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि महाराज की 751वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। नगर के वार्ड नम्बर 04 नामदेव मोहल्ला से शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मांगल भवन पहुँची जहां संत नामदेव महाराज का पूजन अर्चन आरती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हुआ, बुजुर्गों महिलाओं और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। समाज के लोगों पदाधिकारियों ने सामाजिक विकास और प्रगति को लेकर अपने विचार व्यक्त किये । जयंती समारोह में समाज के बच्चे, महिलाएंए पुरुष ज्यादा संख्या में सम्मिलित हुए जिनमें दुलीचंद नामदेव, दिनेश नामदेव, रजनीश नामदेव, मुकेश नामदेव, बाबूलाल नामदेव, आत्माराम नामदेव, रामगोपाल नामदेव, शरद नामदेव, अजय नामदेव, अनिल नामदेव, अविनाश नामदेव, के के नामदेव, वीरभद्र नामदेव, राजेंद्र नामदेव, फूलचंद नामदेव, सतीश कुमार नामदेव, अभिषेक कुमार नामदेव, धर्मदास नामदेव, विजय नामदेव, सुदर्शन नामदेव, सोनू नामदेव, लालमणि नामदेव, विष्णु नामदेव, जितेंद्र नामदेव, मोहित नामदेव, बहादुर नामदेव, लाला नामदेव, कंछेदीलाल नामदेव, अजीत नामदेव, कुलदीप नामदेव, किशन नामदेव, संतोष नामदेव, शैलेंद्र नामदेव, अमित नामदेव, सत्यम नामदेव, महेंद्र नामदेव, संजय नामदेव, प्रकाश नामदेव, मनोज नामदेव, दीपक नामदेव, पंकज नामदेव, शुभांशु नामदेव, तुलसीदास नामदेव, नीलेश नामदेव, कुशल नामदेव, चेतन नामदेव, बिज्जू नामदेव की मौजूदगी रही।

# सीनियर महिला क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल्स होगा कल

**कटनी।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में सीनियर महिला एवं अंडर 13 बालक अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जबलपुर में किया जाना है। कटनी जिले की टीम के लिए सीनियर महिला टीम चयन के लिए ट्रायल्स 17 नवंबर को एवं 18 नवंबर को अंडर 13 के लिए फारेस्टर प्ले ग्राउंड में 3 बजे से ट्रायल्स आयोजित की गई है। अंडर 13 के लिये वही पात्रता रखेंगे, जिनका जन्म 1 सितंबर 2008 के बाद हुआ है। वे सभी ग्राउंड पहुचकर राजेश डेविड, एम बनर्जी एवं विभाष पाटिल से सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी राजेश डेविड, सचिव, जिला क्रिकेट संघ ने दी।

नीरज सिनेप्लेक्स में




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 12 से दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से

सूर्यवंशी

कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

## नेहरु युवा केन्द्र द्वारा गोष्ठी का आयोजन

# युवाओं ने ली कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा की शपथ



**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में नेहरु युवा केंद्र संगठन के 149वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में नेहरु युवा केंद्र कार्यालय में नेहरु युवा केंद्र संगठन परिचय एवं कार्य प्रणाली विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने उपस्थित युवाओ को कोरोना बीमारी से बचाव एवं उससे सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई। कोविड टीकाकरण करवाने एवं अपने परिवार के सदस्योंए मोहल्ला व आस पास के सदस्यों को टीकाकरण करवाने हेतु प्रेरित किया। गोष्ठी में जिले के समस्त छः विकासखंड से आए विभिन्न युवा मंडल सदस्यों ने नेहरु युवा केंद्र द्वारा ग्रामीण युवाओ के विकास के लिए चलाये जा रहे नेतृत्व, खेलकूद, सांस्कृतिक, एवं ग्रामीण प्रतिभाओ को मंच प्रदान करने के लिए किये जा रहे कार्यों पर अपने विचार साझा किये। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आदित्य दुबे ने बताया कि ग्रामीण युवाओं में कौशल प्रतिभा की क्षमता का निर्माण, राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ना, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ जैसे स्वच्छता कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव आदि कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार में ग्रामीण युवाओ की सहभागिता कराना नेहरु युवा केंद्र का प्रमुख उदेश्य है। ढीमरखेड़ा के ब्रजमोहन चौधरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नेहरु युवा केन्द्र युवा स्व्यंसेवक सहित अन्य संबंधित जन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से गांव में मिलेगा राशन

## जनजातीय हितग्राही को पंचायत मुख्यालय पर नहीं जाना पड़ेगा राशन लेने



**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना प्रारंभ की जा रही है। योजना में राशन वितरण वाहनों के माध्यम से ग्राम में ही राशन वितरित किया जायेगा। जनजातीय हितग्राहियों को अब उचित मूल्य राशन लेने के लिये पंचायत मुख्यालय पर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उन्हें राशन प्राप्त करने में सुविधा और समय की बचत भी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को भोपाल के जम्बूरी मैदान में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में इस योजना की विधिवत शुरूआत करेंगे। योजना के संचालन के लिये प्रदेश में 485 वाहन अनुबंधित किये गये हैं। इनके माध्यम से प्रदेश के 16 जिलों के 74 जनजातीय विकासखण्डों में उचित मूल्य राशन वितरित किया जायेगा। योजना से 6 हजार 575 गाँवों के 7 लाख 43 हजार परिवार लाभांवित होंगे। प्रतिमाह लगभग 16 हजार 944 मीट्रिक टन राशन का वितरण किया जायेगा। राशन वाहनों को कस्टमाइज कर उन पर तौल कांटा, बैठक व्यवस्था, माईक, पंखा, लाईट एवं सामग्री की सुरक्षा के प्रबंध किये जायेंगे। वाहन पर महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। योजना के संचालन के लिये अनुसूचित जनजाति के युवाओं के वाहन अनुबंधित किये जायेंगे। एक टन खाद्यान्न क्षमता वाले वाहन के लिये 24 हजार रूपये तथा 2 टन क्षमता वाले वाहन के लिये 31 हजार रूपये प्रतिमाह किराया प्रदान किया जायेगा। हर चार महिने में किराये की दर को पुनरीक्षित किया जा सकेगा।

### मार्जिन मनी भी दी जायेगी

राशन वाहन क्रय करने के लिये अनुसूचित जाति के युवाओं को एक टन क्षमता के वाहन के लिये 2 लाख रूपये एवं एक टन से अधिक क्षमता के वाहन के लिये 3 लाख रूपये प्रति वाहन मार्जिन मनी शासन द्वारा दी जायेगी। सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया के माध्यम से हितग्राहियों को 7.40 प्रतिशत की रियायती दर पर ऋण दिलाया जायेगा।

सिटी मॉल बरही रोड में

बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......




रोजाना 6 शो ता. 12 से दोपहर 12.30, 3, 5.45, 6.30, 8.30 एवं 9.30 बजे से

सूर्यवंशी

कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी




रोजाना 2 शो ता. 12 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से

ETERNALS (हिन्दी में)

कलाकार- जेमा चेन, रिचर्ड मेडन, डॉन ली, सलमा हयाक, लॉरेन रिडलॉफ आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

# आइए आंगनबाड़ी थीम पर शुरू 1712 आंगनबाड़ियां

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने केन्द्रों में बच्चों के साथ किया भोजन, विभिन्न गतिविधियों में भी हुये शामिल





कटनी। प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में सोमवार 15 नवम्बर से जिले की समस्त 1712 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रारंभ हुआ। ष्आईये आंगनबाड़ीष् थीम पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में समारोह पूर्वक कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्हें नाश्ता एवं भोजन कराया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि 13 एवं 14 नवम्बर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों के घरों पर जाकर 15 नवम्बर से आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ होने की सूचना दी गई और उन्हें केन्द्रों में आमंत्रित किया गया। जिसके बाद सोमवार 15 नवम्बर को जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में केन्द्रों का संचालन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के भोजन भी किया। प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत 15 नवम्बर से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से केन्द्रों का संचालन नियमित रुप से होगा। सोमवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 155 में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुये। वहीं सभी 7 परियोजनाओं के परियोजना अधिकारीए 65 सुपरवाईजर भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित होकर बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुये।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# ठंड की दस्तक, गर्म कपड़ों की डिमांड





### बाजारों में रौनक, दुकानों में हो रही ग्राहकी

कटनी। ठंड की दस्तक के साथ ही गर्म कपड़ों की दुकानों में ग्राहकी शुरू हो गई है। चौपाटी में भी तिब्बती बाजार सज गया है और यहां भी खरीददारी शुरू हो गई है। जैसे-जेसे ठंड का जोर बढ़ेगा, वैसे-वैसे ग्राहकी भी तेज हो जाएगी। त्योहारों से फुर्सत होने के बाद अब शादियों के लिए खरीददारी का दौर शुरू हो जाएगा। इसको लेकर बाजार में दुकानदारों ने नया स्टॉक भी मंगवा लिया है।

इसके अलावा झंडा बाजार स्थित रूई बाजार में भी रौनक नजर आने लगी है। यहां रजाई, गद्दा और तकिया की खरीदी की जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ेगी। जिले के विभिन्न कस्बों के छोटे और बड़े दुकानदार भी ठंड को देखते हुए रूई बाजार खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। समय से पहले ठंड शुरू होने के कारण इस बार रूई का कारोबार करने वाले व्यापारियों को भी अच्छे व्यवसाय की उम्मीद है। पिछले करीब डेढ़ साल से कोरोना संक्रमण की मार झेल रहा बाजार अब त्योहार समाप्त होने के बाद गुलजार नजर आ रही है।

रूई कारोबारियों ने बताया कि लॉकडाउन के बाद जब से बाजार लग रहा है, तब से यह पहला अवसर है कि बाजार में रौनक नजर आ रही है। कारोबारियों की मानें तो ठंड और त्योहार दोनों का असर है। रूई बाजार में तीन प्रकार की रूई उपलब्ध है। जिसमें सेलन रूई 70 रूपए किलो, कोम्बर रूई 160 रूपए किलो व ब्रेक कुम्बा रूई 120 रूपए किलो के भाव में बिक रही है।

### बच्चों के गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ी

उधर शहर के कपड़ा बाजार में भी बच्चों के कपड़ों की खूब बिक्री हो रही है। ठंड बढ़ने और त्योहारी व शादियों के सीजन के कारण लोगों ने खरीदी करना शुरू कर दिया है। कपड़ा कारोबारी मगन जैन ने बताया कि त्योहारों के दौरान लोगों ने शादियों के लिए भी खरीददारी की। जिसको लेकर बाजार में अच्छी चहल पहल रही। अब त्योहार समाप्त होने के बाद लोग शादियों के लिए खरीददारी करेंगे। सबसे ज्यादा मांग गर्म कपड़ों की रहेगी।

### बाजार में नहीं दिख रहा कोरोना का खौफ

बाजार में गर्म कपड़ों की खरीददारी सहित शादी ब्याह के लिए कपड़े लेने उमड़ रही भीड़ में कोरोना का खौफ नजर नहीं आ रहा है। लोग बिना मास्क के ही खरीददारी करते नजर आ रहे हैं। दुकानदारों से लेकर ग्राहक तक हर कोई लापरवाही करता नजर आ रहा है। इसी लापरवाही के चलते पिछले करीब डेढ़ साल से कोरोना संक्रमण का असर बढ़ा है, इसके बाद भी कहीं सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हो रहा है तथा लोग एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते हुए खरीदी करते नजर आ रहे हैं।



## श्याम तिवारी एसीसी क्वारी मजदूर संघ के अध्यक्ष बने

### सर्वसम्मति से हुए सभी पदाधिकारियों के चुनाव

**कैमोर।** इंटक से सम्बद्ध श्रमिक संगठन एसीसी क्वारी मजदूर संघ की कार्यकारिणी के चुनाव गत दिवस सम्पन्न हुए। इस चुनाव में कैमोर के वरिष्ठ श्रमिक नेता श्याम तिवारी को क्वारी मजदूर संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। संभवतः यह पहला अवसर है जब माइंस श्रमिकों के बाहर से किसी नेता को मजदूर संघ का अध्यक्ष चुना गया है। उल्लेखनीय है श्याम तिवारी एवरेस्ट यूनियन के जनरल सेक्रेटरी हैं। हाल ही में उन्हें जिला इंटक परिषद का महामंत्री भी चुना गया है। प्रदेश कांग्रेस सचिव श्याम तिवारी के एसीसी क्वारी मजदूर संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने से खदान श्रमिकों में हर्ष की लहर है। कार्यकारणी के जिन अन्य पदाधिकारियों का चुनाव हुआ है उनमें संघ के पूर्व अध्यक्ष विवेक रंजन शुक्ला जनरल सेक्रेटरी चार्ल्स बार्नेट कार्यकारी अध्यक्ष एवं नीरज बड़गइंयां कोषाध्यक्ष शामिल हैं।



भारतीय स्टेट बैंक बरही का मामला

## बैंक प्रबंधन की मनमानी, लोन के लिए भटक रहा किसान

**कटनी।** भारतीय स्टेट बैंक, शाखा बरही के अधिकारियों की मनमानी के चलते एक किसान पिछले 6 महीने से लोन के लिए भटक रहा है। बैंक प्रबंधन द्वारा लोन स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। किसान ने इसकी शिकायत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से की है। शिकायत में कहा गया है कि लालू बर्मन पिता रामलाल बर्मन का भारतीय स्टेट बैंक बरही में खाता क्रमांक 34056582548 संचालित है, जिसमे किसान क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक के निर्देशानुसार फाइल बनवाकर जुलाई में जमा की थी। किसान ने लोन स्वीकृत करने के लिए आवेदन भी दिया था, लेकिन शाखा प्रबंधक एवं बैंक ऋण विभाग के अधिकारियों की मनमानी से आज 6 महीने बीत जाने के बाद भी ऋण स्वीकृत नहीं किया गया। बैंक प्रबंधन द्वारा पिछले कई महीने से चक्कर लगवाए जा रहे हैं। परेशान होकर किसान ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से गुहार लगाई है।

## एक ऐसा दिव्य सत्संग, जहां जय जयकार करना मना

### इटौरा में विजयानंद गिरी जी महाराज कथा का करा रहे रसपान





**बरही।** धार्मिक आयोजन हो और जय जयकार का उदघोष न हो, संतो का पैर छूना मना हो, भेंट, चढ़ावा की मनाही हो, जी हां कटनी जिले के बरही के अंतिम छोर में बसे ग्राम इटौरा में देश के एक ऐसे अदभुत, दिव्य संत का दुर्लभ सत्संग चल रहा है, जहां संत का पैर छूना, दान, भेंट, चढावा देना व जय जयकर करने की सख्त मनाही है। बरही 15 किलोमीटर दूर ग्राम इटौरा में 7 दिवसीय दिव्य व दुर्लभ सत्संग का आयोजन 15 नवंबर प्रारम्भ हुआ, जहां व्यास पीठ से ऋषिकेशधाम हरिद्वार के संत स्वामी विजयानंद गिरी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से दिव्य सत्संग का रसपान करा रहे है, जिसका रसपान करने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुँच रहे है। सत्संग के पहले दिवस महाराज श्री ने समझाया मनुष्य जीवन विषयए भोग के लिए नही है, भगवान की अनन्य भक्ति के लिए यह मानव जीवन मिला है, जो भी व्यक्ति सच्चे हृदय से प्रभु का स्मरण करता है, उसके जीवन मे अपार शांति होती है। सात दिनों तक चलने वाले इस दिव्य, दुर्लभ सत्संग का समापन 22 नवंबर को होगा। इस बारे में साधक बताते है कि स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज देश के एक ऐसे अनूठे संत है, जो किसी भी प्रकार के भेंट व चढावा से दूर रहते है, वही उनकी फोटो लेने की भी सख्त मनाही रहती है। सत्संग का रसपान इटौरा सहित बरही, विजयराघवगढ़, कटनी से भी साधक पहुँच रहे है।



## होटल, मॉल और रेस्टारेंट में निरीक्षण के लिए पहुंचे अफसर

### कोविड जागरूकता अभियान के तहत आकस्मिक निरीक्षण में नहीं मिले वेक्सिनेशन रजिस्टर

**कटनी।** कोविड से बचाव के लेकर प्रदेश सरकार लगातार वैक्सीनेशन अभियान चला रही है। जिले में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हो और सभी को वैक्सीन के दोनों डोज लगे, इसके लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन पर जागरूकता अभियान के साथ ही वैक्सीनेशन कराने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शहर के होटल, लॉज, रेस्टोरेंट, मॉल सहित अन्य बड़े संस्थानों में आने वाले लोगों के वेक्सिनेशन संबंधी जानकारी के लिए रजिस्टर संधारण करने के आदेश दिए थे। साथ ही अधिकारियों को समय.समय पर संस्थानों का निरीक्षण कर रजिस्टर संधारण करने की जानकारी लेने के भी निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में सोमवार को नगर निगम की टीम ने शहर के होटल, लॉज, रेस्टोरेंट व मॉल आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिन संस्थानों में रजिस्टर संधारित नहीं पाए गएए उन्हें मौके पर समझाइश दी गई और तत्काल रजिस्टर बनवाते हुए ग्राहकों की एंट्री पर कराई गई। सोमवार को नगर निगम की टीम ने इंडियन कॉफी हाउस का निरीक्षण किया। जहां पर वैक्सीनेशन रजिस्टर नहीं होने के कारण रजिस्टर तैयार कराया गया और ग्राहक से रजिस्टर में एंट्री कराई गई। इसी प्रकार गोलू रेस्टोरेंट्स माधव नगर चौराहा पर वैक्सीनेशन रजिस्टर नहीं होने के कारण समझाइश दी गई और धारा 144 के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का पालन कराया गया। टीम ने इसके अलावा अन्य संस्थानों का भी निरीक्षण कर रजिस्टर अनिवार्य रूप से संधारित करने के निर्देश दिए।

**दुकानदारों को दी गई समझाइश, मौके पर ही बनवाए रजिस्टर, कराई एंट्री**

अब आया शादी विवाह का मौसम, कोरोना के चलते डेढ़ साल में तीन वैवाहिक सीजन गए खाली

## चार माह के शयन काल के बाद जागे भगवान विष्णु



**कटनी।** चार माह के शयन के बाद भगवान विष्णु सोमवार को हरि प्रबोधनी एकादशी को जाग गए। अब भगवान विष्णु और माता तुलसी की पूजा व विवाह के साथ ही मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे। भगवान विष्णु और माता आशीर्वाद से हर तरफ खुशी का माहौल होगा। करीब डेढ़ साल से ज्यादा वक्त से कोरोना के चलते वैवाहिक कार्यक्रमों में जो महज रस्मअदायगी शेष रह गई थी। उसकी जगह अब लोग एक बार फिर से धूमधाम से शादी-विवाह कर सकेंगे। इसे लेकर बैंडबाजा, कैटरर्स, मैरिज गार्डन संचालकों में खुशी का माहौल है।

### भगवान विष्णु और माता तुलसी विवाह के साथ मांगलिक कार्य की शुरूआत

हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी को हरि प्रबोधिनी एकादशी और देवोत्थान एकादशी के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। ये वही दिन है जब चातुरमास पूरा होता है और भगवान विष्णु चार महीने के शयन काल पूर्ण कर जागते हैं। इस मौके पर माता तुलसी का भगवान विष्णु संग विवाह होता है। पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन से भगवान विष्णु सृष्टि का कार्यभार पुनः संभाल लेते हैं और इसके साथ ही सभी मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाते हैं। वैसे भी सनातन हिंदू धर्म में एकादशी का महात्म्य बहुत ज्यादा है। भगवान विष्णु को समर्पित एकादशी तिथि पर विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यता हैं कि एकादशी व्रत रखने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मृत्यु के पश्चात मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### बैंडबाजा, कैटरर्स, मैरिज गार्डन संचालकों में खुशी का माहौल

हरि प्रबोधिनी एकादशी से ही मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे। इस दिन का हर किसी को बेसब्री से इंतजार था। ऐसा हो भी क्यों न आखिरकार पिछले डेढ़ साल बाद ऐसा मौका आ रहा है, अन्यथा इन बीते डेढ़ साल में शादी-विवाह के आयोजन के तीन सत्र कोरोना संक्रमण के चलते एक तरह से खाली ही बीत गए। लोगों ने जैसे तैसे वैवाहिक आयोजन किए। इसका खास असर बैंडबाजा, मैरिज गार्डन संचालकों व कैटरर्स पर पड़ा। उनकी रोजी-रोटी मारी गई। लेकिन अब सभी उत्साहित हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस शादी विवाह के सीजन में उनकी अच्छी कमाई होगी।

**विवाह के शुभ लग्न**

नवंबर 2021-19, 20, 21, 28, 29 और 30।
दिसंबर 2021-12, 7 और 12।

## स्लीमनाबाद पुलिस की गिरफ्त में आए दो वारंटी

**कटनी।**

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा अधिक से अधिक वारंट तामीली के लिए निर्देश दिए गए हैं। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत 13 नवंबर को थाना प्रभारी संजय दुबे ने टीम गठित कर जिला जबलपुर वारंटियो की तलाश के लिए भेजा गया। जिसमें 10 साल से फरार आरोपी बालमीक कुशवाहा को ग्राम गौर जिला जबलपुर एवं 11 साल से फरार आरोपी मुकेश कुमार काछी निवासी कछपुरा जबलपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में सउनि राजेश कोरी, प्रधान आरक्षक आशीष आर्मो, अकित दुबे, आरक्षक रोहित सिंह की भूमिका रही।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

## बारह वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने प्रयागराज से दबोचा



**कटनी।** कैमोर पुलिस ने बारह वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि एवरेस्ट कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय शेषनारायण तिवारी पुलिस द्वारा प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जिसे न्यायालय द्वारा कटनी जेल भेज दिया गया है। धारा 341, 294, 323, 325 के तहत आरोपी 2009 से फरार चल रहा था। आरोपी का स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। एसपी सुनील जैन के निर्देशन में टीआई कैमोर अरविंद जैन द्वारा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पुलिस टीम सहायक उपनिरीक्षक जयराम साकेत एवं प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक सुनील स्वर्णकार एवं महिला आरक्षक भावना तिवारी को भेजा था।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

बॉलीवुड की कॉमेडी मूवी




रोजाना 4 शो
ता. 19 से
दोपहर
1,4,7 एवं
रात्रि
9 :30बजे से

**बंटी और बबली-2**

कलाकार- शैफ अली खान, रानी मुखर्जी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सरवारी वाग आदि।

**एडवांस बुकिंग चालू है**

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर**

mgm HOSPITAL We Care with Care

**फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने कचहरी चौक, कटनी**

**किडनी रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. विशाल वडेरा** एम.डी., डी.एन. बी (नेफ्रोलॉजी)

(दिनांक-20/11/2021 समय दोपहर 12 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक )

।।(उपलब्ध उपचार)।।

किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार-बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार-बार बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।

हर माह के दूसरे शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

**नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।**

फोन नंबर- 07622- 405070-71-72

# जनसुनवाई में मौजूद रहेंगे पैरा लीगल वालंटियर

## विवाद विहीन गांव आदर्श के रूप में करने होंगे स्थापित, फारेस्टर प्ले ग्राउंड में विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर








**कटनी।** हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इसका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को न्याय मिले। यदि एक भी व्यक्ति बिना घर के रह गया तो हम समझें की हम सभी को न्याय नहीं दिला पाए। सरकार हितग्राही मूलक योजनाएं चला रही है। सभी योजनाओं का लाभ लें लेकिन गलत फायदा न लें। जो लें, वो जमा करने की नियत भी रखें। यह बात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा फारेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित वृहद विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर में मुख्यातिथि के रूप में कही। श्री उपाध्याय ने कहा कि कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में पैरालीगल वालंटियरों को लोगों की सहायता के लिए उपलब्ध कराने की बात कही है। अब हर मंगलवार को पांच पैरालीगल वालंटियर जनसुनवाई में मौजूद रहेंगे और लोगों को विधिक सहायता देंगे। जरूरतमंदों की ओर से सभी विभागों में पैरवी करेंगे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री उपाध्याय ने कहा कि हमनें कितने हितग्राहियों को सरकार की योजना का लाभ दिया और कितने लोग छूट गए हैं, यह हर विभाग के पास रिकॉर्ड होना चाहिए, तभी हम जिले को पूरी तरह से न्याय दिला पाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ दें और यदि आप पात्र हैं और उसके बाद भी लाभ नहीं मिल पा रहा है तो न्यायपालिका के पास आइए, निश्चित ही आपको उस योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि जनता का सहज व निष्पक्षता से न्याय मिल सके, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण काम कर रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि जनसुनवाई में कई मामले ऐसे आते हैं, जिसमें हमें लगता है कि उनको विधिक सहायता की जरूरत है। ऐसे में पैरालीगल वालंटियर यदि मौके पर मौजूद रहेंगे तो लोगों की समस्या का मौके पर ही निराकरण हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने कहा कि हमें अपने काम करने के तरीकों में थोड़ा से बदलाव करना होता ताकि लोग न्याय पाने के लिए बिना किसी संकोच के हमारे पास आएं। श्री जैन ने कहा कि पुलिस के सहयोग की जहां कही भी जरूरत हो, कार्यालय के बाद भी फोन आप अपनी समस्या बता सकते हैं और तत्काल उचित कार्रवाई होगी। जिला अधिवक्ता संघ अमित शुक्ला ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश दिनेश नोटिया ने विधिक सेवा द्वारा जिले में आयोजित किए गए शिविर व अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने दहेज प्रथा को लेकर जागरूकता संदेश देते नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी। सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने मंच से अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी उपस्थितजनों को दी। श्री नोटिया ने बताया कि शिविर में 572 आवेदन आए थे और सभी आवेदनों को मौके पर ही निराकरण किया गया।

### पार्वती, आशा बाई को मौके पर ही मिली भू-अधिकार पुस्तिका

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। अतिथियों ने सामाजिक न्याय विभाग की ओर से निशक्तजनों को निशुल्क बैटरी चलित ट्रायसाइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी भेंट की तो नगर निगम के स्टॉल पर आईएचएचडीपी योजना के तहत गरीब परिवारों को आवंटित आवासों के प्रमाण पत्रों का वितरण किया। राजस्व विभाग के स्टॉल में मौके पर ही खिरहनी निवासी पार्वती बाई और कुठला निवासी आशा बाई दाहिया को ऋष्ण पुस्तिका व भू-अधिकार पुस्तिका सौंपी गई। नगर निगम ने जहां आईएचएचडीपी योजना 40 हितग्राहियों को आवास आवंटन, ग्रामीण विकास विभाग ने 10 हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 5 को दिव्यांग पेंशन योजना का मौके पर ही लाभ दिया तो 6 हितग्राहियों को संबंल योजना का लाभ दिया गया। इसके साथ अन्य हितग्राहियों को भी शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो सहित न्यायाधीश गण व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### आसरा बाल आश्रयगृह के बच्चों की बनाई कलाकृतियों को मिली सराहना

विधिक जागरूकता व सहायता शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। आसरा बाल आश्रय गृह के बच्चों के बनाई कलाकृतियों का भी स्टॉल लगाया गया। बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों व सामग्री की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अतिथियों ने तारीफकी और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य अतिथियों ने उनकी बनाई गई कलाकृतियां खरींदी। कार्यक्रम स्थल पर सामाजिक न्याय व निशक्तजन कल्याण, नगर निगम, बिजली विभाग, मत्स्य पालन, लोक सेवा केन्द्र, आयुष विभाग, उद्यानिकी, कृषि विभाग, जल संसाधन, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉलों में लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी अधिकारियों ने दी। इस दौरान 17 विभागों ने स्टॉल लगाए।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया बाल दिवस




**कटनी।** बचपन मनुष्य के जीवन का महत्वपूर्ण समय होता है इसी के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल में बालदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गायत्री मंत्र के साथ प्राचार्या उपप्राचार्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया तथा शिक्षकों के द्वारा प्रार्थना गीतों का गायन किया गया प् उसके पश्चात् शिक्षकों व छात्रों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया प् तालियों की गड़गड़ाहट से सारा खेल का मैदान गूँज उठा प् बच्चो की खुशी देखते ही बन रही थी प् इतना ही नहीं बच्चो के मनोरंजन के लिए शिक्षिकों के द्वारा नृत्य व गायन बड़े ही खूबसूरत अंदाज में किया गया। अपने शिक्षकों को नृत्य करते देख सभी बच्चे झूम उठे प् तालियों की गड़गड़ाहट से सारा डीपीएस प्रांगण झूम उठा। कक्षा शिक्षकों द्वारा छात्रों को स्वयं निर्मित ग्रीटिंग कार्ड भी कक्षाओं में वितरित किए गए जिन्हें पाकर उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। अंततः क्रिकेट मैच का परिणाम आया छात्र विजयी हुए सारा खेल का मैदान किलकारियों से गुंजायमान हो गया। छात्र आशुतोष चंद्राए आर्या चंद्रा व जविश नागदेव के मनमोहक गीतों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। अंत में नाट्य गीतों के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन व ऑफलाइन कक्षाओं के महत्व को भी दर्शाया व बच्चों का मन मोह लिया कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय निर्देशिका ने कहा शिक्षकों के इस कार्यक्रम से शिष्य गुरु परम्परा और सुदृढ़ होती है और आपस में प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। प्राचार्या व उपप्राचार्या महोदया ने भी कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शाला के छात्र प्रेसिडेंट-अनुदिश जैन, वाइस प्रेसिडेंट-महक वंशकार, प्राइम मिनिस्टर-अनन्या जायसवाल, डिप्टी प्राइम मिनिस्टर-प्रेक्षा शर्मा, हेड बाय-अमोल राकेश द्विवेदी, हेड गर्ल-आद्या अग्रवाल, डिप्टी हेड बाय- शिवांशु रिझवानी, डिप्टी हेड गर्ल- रिद्धिमा बत्रा एवं अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी अंत में शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया प् इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में एक नया उत्साह जगाते है।




# कांग्रेस ने निकाली महंगाई विरोधी पदयात्रा

**कटनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई एवं अन्य मुद्दों को लेकर आज ग्राम पिपरोध से पडुआ तक पैदल जन जागरण यात्रा निकाली गई। जन जागरण यात्रा का नेतृत्व जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन एवं ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह द्वारा किया गया। पदयात्रा में पूर्व अध्यक्ष करण सिंह चौहान, सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, पूर्व मंडी सदस्य जालिम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू द्विवेदी, संतोष यादव, अजय जेसवानी, कल्लू दास बैरागी, रवी जायसवाल, पार्थ समाधिया, हिमांशु तिवारी, जय दहिया, रजत यादव, बलराम चौधरी, अमित सिंह ठाकुर, ठाकुर राम सिंह, शुभम मिश्रा रामनाथ पटेल, सुनील कुशवाहा, राममिलन पटेल, उजियार सिंह पटेल, गुरुदत्त पटेल, रघुवर प्रसाद तिवारी, दीना प्रसाद पटेल, आसाराम पटेल, मथुरा प्रसाद पटेल, सुदामा यादव, जगदीश हलदकार, रिंकू आदिवासी, सानू मिश्रा, उदय दुबे, जगतारण दास बैरागी, बृजेश जयसवाल, मैकू आदिवासी, निखिल सोनी, कपिल विश्वकर्मा, अखिलेश चौबे, कमलेश सेन, दीपक दुबे, दीपक मिश्रा, मुन्नीबाई, सतिया बाई, बृजेश यादव इत्यादि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। पद यात्रा के समापन स्थल ग्राम पड़वा में मिथलेश जैन, गुमान सिंह समेत अन्य नेताओं ने नागरिकों को संबोधित कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया।

# हम सबने ठाना है कटनी को स्वच्छ बनाना है





**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों में स्वच्छता के लिए विशेष जिम्मेदारी का भाव स्थापित करनें तथा स्वच्छता की इस जनअभियान में जुडकर स्वस्थ्य और समृद्ध भारत बनानें की दिशा में आगे बढनें हेतु साप्ताहिक संकल्प देश का के तहत को कटायेघाट एनीकट में विशेष साप्ताहिक अभियान का अयोजन किया जाकर जल स्त्रोतों के आसपास सफाई कराई गई। प्रभारी अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत नगर निगम ब्रांड एम्बेस्डर पायल जेतवानी, स्थानीय मंदिर के पुजारी, क्षेत्रीय नागरिकगणों, निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों तथा नगर निगम की नियुक्त एजेंसी के स्वच्छता चेंपियन्स द्वारा सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कटायेघाट एनीकट के पास सफाई अभियान आयोजित किया जाकर जलस्त्रोतों की सफाई की जाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। अभियान के दौरान हम सब नें ठाना है कटनी को स्वच्छ बनाना है एवं अन्य स्वच्छता के नारों के माध्यम से एक दूसरे का उत्साह बढाते हुए श्रमदान किया जाकर कटायेघाट एनीकट की घाट की सीढियों, नदी के किनारे चोई पूजन सामग्री, फूल माला, मूर्तियां एवं अन्य अपशिष्ट की सफाई की जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया। घाट के दूसरे ओर नदी किनारे की खरपतवार की कटाई की जाकर घाट मंदिर के आसपास के कचरे पन्नियां एवं वनभोज उपरान्त छोडी गई खादय सामग्री की सफाई की जाकर कैरी बैग में एकत्रित किया जाकर जलस्त्रोतों की स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। सफाई अभियान उपरान्त ब्रांड एम्बेस्डर पायल जेतवानी द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।



# शहर के मुख्य एवं अन्य मार्गों में सफाई के साथ किया गया कचरे के उठाव का कार्य



**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में वर्तमान पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। रोजाना नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के साथ ही वार्डो के नाले नालियों की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी तथा डोर टू डोर केचरे के संग्रहण के माध्यम से नगर को साफएवं सुथरा रखनें का प्रयास निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में स्वच्छता दूतों द्वारा किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत पहरूआ एवं कृषि उपज मंडी मुख्य मार्ग, बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चोक, जालपा देवी वार्ड स्थित आजाद चौक से सुक्खन चौक तथा चांडक चौक आदर्श कॉलोनी मोड से देना बेंक मुख्य मार्ग की सफाई कराई जाकर डॉ अशोक चौदहा जी के हॉस्पिटल क पास सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग का कार्य कराया गया। नगर के अन्य स्थलों घंटाघर प्वाइंट, वीर सावरकर वार्ड मुख्य मार्ग, राजीव गांधी वार्ड मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड एन.के.जे, सब्जी मंडी, कावस जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, साधूराम स्कूल, स्टेट बेंक तिराहा, सिविल लाईन रेस्ट हाउस परिसर, बी.डी अग्रवाल वार्ड के व्यवसायिक स्थलों, लखेरा मुख्य मार्ग, माधवनगर गेट से जागृति पार्क परिसर के अंदर एवं बाहर सफाई कराई जाकर मुख्य मार्ग की सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग का कार्य, कटाये घाट नदी के उपर तथा सीढियों की सफाई, मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नदीपार सूर्या होटल, कार्यालय कलेक्ट्रेट के पास बरगवां सहित अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। नगर के सार्वजनिक स्थलों के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था अन्तर्गत इंदिरा नगर गली नंबर 6 की नालियों,जालपा देवी वार्ड स्थित जैन गली शक्तिनगर में नालियों के कचरे का उठाव कार्य, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के विभिन्न स्थलों की नालियों, चौबे वार्ड पानी की टंकी स्कूल के पास, फारेस्टर वार्ड स्थित लक्ष्मी चौक से बैजनाथ जी के घर के सामनें तक एवं अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# ट्रेनों से स्पेशल का दर्जा हटने अभी करना पड़ेगा इंतजार

## एक सप्ताह का लग सकता समय, 15 से 21 नवंबर तक पीआरएस में हो रहा काम

**कटनी। कोरोना काल के शुरूआती दौर में कैंसिलेशन के बाद पुन: पटरी पर दौड़ने वाली ट्रेनों को मिला स्पेशल श्रेणी का दर्जा हटाने के लिए अभी एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ सकता है। आरक्षण कार्यालय में 15 नवंबर से 21 नवंबर तक रात्रि 11:30 बजे से सुबह 05:30 बजे तक अपडेटेशन का काम चल रहा है।**



विदित हो कि ट्रेनें अब अपने पुराने नाम व नंबर के साथ पटरी पर दौड़ने के लिए तैयार हो चुकी हैं। इसके तहत ट्रेन नंबर के पहले लगने वाला शून्य हटाया जा रहा है। बीते शुक्रवार को 206 स्पेशल ट्रेनों को नए नंबर जारी किए गए। इसमें कटनी से हो कर गुजरने वाली दो ट्रेनों के नंबर में भी परिवर्तन हो गया है। जिसमें वाराणसी से मुंबई के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 02193/02194 महानगरी एक्सप्रेस अब सुपरफास्ट बनकर चल रही है। इस ट्रेन को नया नंबर 22177/78 कर दिया गया है। इसी तरह लोकमान्य तिलक टर्मिनस से फैजाबाद के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या ट्रेन 01067/68 साकेत एक्सप्रेस का नया नंबर 22183/84 कर दिया गया है। इन दोनों ट्रेनों के संचालन के समय और ठहराव में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। नए नंबर के साथ ट्रेनों का परिचालन 15 नवंबर से शुरू हो गया है। जबलपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम विश्वरंजन के अनुसार पश्चिम मध्य रेल की 120 यात्री ट्रेनों के नंबर बदलने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए पूरे मुख्यालय की ओर से मुंबई स्थित डेटाबेस सेंटर को पत्र भेजा गया है। जल्द ही ट्रेनों के नए नंबर प्राप्त हो जाएंगे। रेलवे की ओर से ट्रेनों को नए नंबर से चलाने के बाद पूर्व में आरक्षित टिकटों पर यात्रा शुल्क की वापसी नहीं की जाएगी न ही किसी तरह का नया शुल्क यात्री से वसूला जाएगा।

### फिर भी कराना होगा रिजर्वेशन

पिछले वर्ष लगे लॉकडाउन से देशभर में चल रही सभी ट्रेनों से अब स्पेशल का दर्जा सोमवार से हट गया है लेकिन इन ट्रेनों में जनरल टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं रहेगी और रिजर्वेशन कराकर ही यात्रा करनी होगी। वर्तमान में सभी ट्रेनों के नंबर के आगे जीरो लगा हुआ है लेकिन रेलवे बोर्ड ने अब जीरो नंबर हटाने के साथ ही कोविड काल के पहले वाली व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। यह सभी ट्रेनें 15 नवंबर से अपने पुराने नंबर से चलने लगेंगी। दरअसल पिछले वर्ष कोरोना की वजह से बंद की गई ट्रेनों को मई 2020 में राजधानी और फिर जून से कई अन्य ट्रेनों को स्पेशल के रूप में चलाया गया था जो अभी तक स्पेशल बनकर ही चल रही हैं। कोरोना के पूर्व चल रही नियमित ट्रेनों के मुकाबले स्पेशल ट्रेनों का किराया ज्यादा होने और तमाम सुविधाएं बंद होने से लोग लगातार विरोध कर रहे थे। फिलहाल अब बोर्ड ने रेलवे को पत्र जारी कर कहा कि कोविड काल के पहले जिस तरह से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था वह व्यवस्था फिर से बहाल होगी। 15 नवंबर से सभी ट्रेनें पुराने नंबर के साथ दौड़ेगी लेकिन जनरल टिकट मान्य नहीं होगा।

**इनका कहना है**

15 नवंबर से पुराने नंबर से चलने वाली ट्रेनों में जनरल टिकट मान्य नहीं होगा। रिजर्वेशन कराकर ही यात्रा करनी होगी। यात्री भ्रम की स्थित में न रहें। जो ट्रेनें पहले ही जनरल टिकट के लिए चिंहित की गई हैं, उनमें जनरल टिकट मान्य होगा।

**-संजय दुबे, स्टेशन अधीक्षक, कटनी जंक्शन**




# कुष्ठ रोगी नहीं लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव

## नामांकन भरने पर कर दिया जाएगा निरस्त, पसंद का चुनाव चिन्ह भी नहीं मिलेगा

**कटनी।** इस बार कुष्ठ रोगी पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। अगर वे निर्देशन पत्र दाखिल करते हैं तो संवीक्षा के दौरान उनका नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा। इसी तरह से पंचायत चुनाव में अभ्यर्थियों को उनकी पसंद का चुनाव चिन्ह नहीं दिया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र में अभ्यर्थी ने अगर कोई त्रुटि की है तो प्रारंभिक जांच में उसे सुधारने के लिये कहा जाएगा।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इसमें चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आयोग ने अभ्यर्थियों की निरर्हताएं स्पष्ट कर दी हैं जिसके आधार पर यह तय होगा कि कौन व्यक्ति पंचायत चुनाव लड़ सकता है या नहीं। इसके अनुसार अभ्यर्थी का भारत का नागरिक होना जरूरी है। अगर अभ्यर्थी शासकीय सेवक है या फिर उसे वेतन या मानदेय के रूप में पारिश्रमिक मिलता है तो वह नामांकन दाखिल नहीं कर सकेगा। अगर न्यायालय ने उसे विकृत्त चित्त घोषित कर दिया है या न्यायालय द्वारा न्याय निर्णीत किया जा चुका है तो भी चुनाव नहीं लड़ सकेगा। दिवालिया घोषित व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकेगा। अगर संबंधित व्यक्ति कुष्ठ रोग से पीड़ित है जो संक्रामक है तो वह भी चुनाव नहीं लड़ सकेगा। भ्रष्टाचार के कारण जिसे सेवा से हटाया गया है वह भी चुनाव नहीं लड़ सकेगा।

### पंचायत का बकाया तो भी नहीं बन पाएंगे उम्मीदवार

अगर किसी व्यक्ति ने संपूर्ण शोध्य (बकाया) का भुगतान नहीं किया है जो पंचायत द्वारा वसूली योग्य है तो वह चुनाव नहीं लड़ सकेगा। साथ ही उसे इस आशय की घोषणा करनी होगी कि उसके द्वारा किसी भी मद में पंचायत की देय किसी शोध्य धन का संदाय नहीं किया जाना है। मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल या उसकी कंपनियों का अगर बकाया होगा तो वह भी चुनाव नहीं लड़ सकेगा।

### सरकारी जमीन का अतिक्रामक नहीं लड़ सकेगा चुनाव

अगर किसी ने पंचायत या सरकारी जमीन या भवन पर अतिक्रमण कर रखा है वह चुनाव नहीं लड़ सकेगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल होने के कारण निरर्हित घोषित व्यक्ति भी चुनाव नहीं लड़ सकेगा।

### निर्विरोध निर्वाचन के पहले होगा पुनरीक्षण

अगर किसी पद के लिये भरे गए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान केवल एक अभ्यर्थी का नामांकन शेष रहता है और अन्य सभी के निरस्त हो जाते हैं तो इस दशा में रिटर्निंग ऑफीसर तत्काल यह तथ्य पुनरीक्षण अधिकारी के सामने प्रस्तुत करेगा। पंच और सरपंच पद के लिये पुनरीक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी होंगे। जनपद सदस्य पद के लिये पुनरीक्षण अधिकारी कलेक्टर होंगे। जिला पंचायत सदस्य पद के लिये पुनरीक्षण अधिकारी कमिश्नर होंगे। यह पुनरीक्षण संवीक्षा के अगले दिन होगा। अगर अलगा दिन अवकाश का होगा तो भी पुनरीक्षण किया जाएगा।

### मनमाफिक नहीं मिलेंगे प्रतीक चिन्ह

पंचायत चुनाव में किसी भी अभ्यर्थी को उसके मनमाफिक प्रतीक चिन्ह नहीं दिये जाएंगे। रिटर्निंग अधिकारी भी किसी अभ्यर्थी को अपने मन से कोई प्रतीक आवंटित नहीं कर सकता। पद विशेष के लिए निर्धारित प्रतीक चिन्हों में से क्रमानुसार प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जाएंगे। एक बार अभ्यर्थिता वापस लेने का आवेदन दे दिये जाने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकेगा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के भवन निर्माण पर रोक लगाने का मामला, नायब तहसीलदार के खिलाफ कचहरी चौक में धरना**

# आदिवासी समाज की महिलाओं से अभद्रता मामले ने पकड़ा तूल




**कटनी।** केन्द्र और राज्य सरकार जहां एक तरफ आदवासी समाज के कल्याण के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित करते हुए उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को ऊपर उठाने की दिशा में संकल्पित है तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासन द्वारा आदिवासी समाज के साथ पक्षपात किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला आज सामने आया है। नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल द्वारा आदिवासी समाज की दो महिलाओं के साथ की गई अभद्रता से नाराज गांव के लोगों ने आज कचहरी चौक में धरना दे दिया। इस पूरे मामले से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को अवगत कराए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसको लेकर महिलाओं में रोष देखा गया। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल द्वारा श्रीमति माया बाई आदिवासी एवं भुक्की बाई आदिवासी के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदत्त आवासीय भवन निर्माण पर रोक लगाई गई थी। जिसकी जानकारी लेने के लिए दोनों महिलाएं विगत 9 नवंबर को नायब तहसीलदार कार्यालय गई थीं, जहां पर कार्यालय में ही नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल द्वारा दोनों आदिवासी महिलाओं को अपशब्दों का प्रयोग करते हुये कार्यालय से बाहर कर दिया गया। इस घटना की जानकारी महिलाओं ने अन्य लोगों को देते हुए कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया और कार्यवाही की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन में कहा गया था कि यदि दो दिन के अंदर कार्यवाही नहीं होती है तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरने में माया बाई आदिवासी, भुक्की बाई आदिवासी, लखन साहू, आशीष जलौंन्हा, मनीष गर्ग, प्रियांशु गुप्ता सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। उधर इस मामले में नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।



# गुरूनानक देव जयंती : मेहड़ दरबार से निकली प्रभातफेरी

**कटनी।**

गुरूनानक देव जयंती के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मेहड़ दरबार शांतिनगर में सात दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033







पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट


मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)